अमृत मिशन के प्लान के मुताबिक हो सारे कार्य, गर्मी के दिनों में न हो पेयजल संकट, अभी से पूर्ण कर ले तैयारी, महापौर नीरज पाल ने ली जल कार्य विभाग की बैठक

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल ने आज जल कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। घंटे भर से अधिक चली बैठक में शहर में पेयजल की दिक्कत न हो इस विषय पर काफी लंबी चर्चा हुई। महापौर नीरज पाल ने कहा कि गर्मी का मौसम बेहद नजदीक है ऐसे में शहर के वार्डों में पेयजल संकट की स्थिति न बने। अमृत मिशन के प्लान के तहत सारे कार्य पूर्ण हो। जल कर की वसूली सत प्रतिशत करने उन्होंने बैठक में निर्देश दिए और अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाने भी कहा। महापौर ने कहा कि टैंकर मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करें। जल की बर्बादी को रोकने पर विशेष रूप से फोकस करें। इंटरकनेक्शन की स्थिति का बैठक में महापौर ने जायजा लिया। अमृत मिशन के तहत बिछाए जा रहे पाइपलाइन को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने दिए। कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या जिन वार्डों में और क्षेत्रों में होती है वहां पर अभी से पेयजल की व्यवस्था बनाने पर कार्य प्रारंभ कर दें। निगम क्षेत्र में जितने भी पावर पंप और हैंडपंप जैसे पेयजल के संसाधन हैं वह सभी अपडेट रहें। अमृत मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन से अंतिम छोर के व्यक्ति को पानी मिल रहा है या नहीं इसका फील्ड स्तर पर निरीक्षण कर विकल्प के साथ रिपोर्ट देने बैठक में कहा गया है। इधर सार्वजनिक नलों में पानी की बर्बादी को रोकने टोटी लगाने और अन्य आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश महापौर ने दिए हैं। महापौर नीरज पाल ने उच्चस्तरीय जलागार की भी समीक्षा की। उन्होंने निगम के हर वार्ड में पेयजल की स्थिति तथा अमृत मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से मांगी है। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहर को शुद्ध पेयजल मिले इसका विशेष ध्यान रखें इसके लिए लैब इत्यादि के उपकरण अद्यतन हो। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता यू.के. धलेंद्र , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा , सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे मौजूद रहे।